वर्ष 25 अंक 267
पृष्ठ 24+4+4=32
बरेली, रविवार
8 जून 2014
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अख़बार

दैनिक जागरण

एसआरएमएस में इंस्पायर इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू

बरेली: राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में शुक्रवार को इन्सपायर इंटर्नशिप प्रोग्राम का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के व्यक्तित्व का सही मायने में विकास कर उन्हें करियर की दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि छोटी सी चीजें खोजने में भी शोधकर्ताओं को काफी समय लग जाता है। लिहाजा हमें धैर्य खोने के बजाए सकारात्मक परिणाम की आशा करनी चाहिए। फार्मेसी विभाग के डायरेक्टर डॉ. जगन्नाथ साहू ने कहा कि कठिन साधना से ही सफलता हासिल होती है। इस मौके पर डॉ. प्रभाकर गुप्ता, प्रो. टीडी विष्ट, रतीश अग्रवाल डॉ. एम मुसल्कीम अब्दुल्ला, डॉ. केके तिवारी, सचिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन अमर प्रताप सिंह ने किया।